प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- पंचतत्व में विलिन हुए उद्योगपति रतन टाटा–पूरे राजकीय सम्मान के साथ मुम्बई में अंतिम संस्कार।
- पूंजीगत व्यय और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को जारी किए एक लाख 78 हजार करोड़ रूपए ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आई.जी.एम.सी शिमला में खुले ट्रॉमा सेंटर में लगाया घोटाले का आरोप ।
- प्रसिद्ध भीमाकाली मंदिर सराहन के धंस रहे हिस्से की मुरम्मत के लिए आई.आई.टी. मंडी का सहयोग लेगी प्रदेश सरकार।

रतन टाटा

उद्योगपति रतन टाटा का आज मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वर्ली स्थित श्मशान घाट में उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर राजनीतिक, कारोबारी, खेल और मनोरंजन जगत के कई बड़े नाम पहुंचे। बुधवार को 86 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र, झारखंड व गुजरात सरकार ने टाटा के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। इससे पहले रतन टाटा के पार्थिव शरीर को दक्षिण मुंबई स्थित राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र में जनता के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था जहां विभिन्न वर्गों के हजारों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि दिलाने का श्रेय रतन टाटा को दिया जाता है। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों द्वारा जारी किए जाने वाले विवाह, जन्म व मृत्यु प्रमाण–पत्र लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को विभिन्न जन सेवाएं उनके घर– द्वार के समीप सुगमता से उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। वह आज शिमाल में ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024–25 में 17 हजार 5 सौ 82 गांव खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल बनाए जाएंगे। अभी तक 9 हजार 2 सौ 3 गांव खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल घोषित किए जा चुके हैं, जबकि 2 हजार 3 सौ 47 गांव खुले में शौच मुक्त प्लस वेरीफाइड हैं।

किस्त

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई थी। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 31 हजार 9 सौ 62 करोड़ रुपये जारी किये गये। दूसरे तथा तीसरे नम्बर पर बिहार और मध्य प्रदेश को ये राशि दी गई है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज बैंगुलूरू में कर्नाटक के उप–मुख्यमंत्री डी के शिव कुमार के साथ शिष्टाचार भेंट की। धर्माणी ने इस मौके पर कहा कि हिमाचल में हाईड्रो पावर, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में निवेश की अपार संभावनाएं है और इन क्षेत्रों में संयुक्त उद्यम स्थापित करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कांग्रेस सरकार राज्य के संसाधनों का समग्र उपयोग सुनिश्चित कर रही है।उन्होंने बाद में कर्नाटक के इलैक्ट्रॉनिक डिलिवरी ऑफ सिटिजन सर्विसिज निदेशालय का दौरा कर सिटिजन सर्विसिज सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

डाक टिकट प्रदर्शनी

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी आज आरंभ हुई। इस प्रदर्शनी में लोग डाक टिकटों के माध्यम से देश व दुनिया के इतिहास के बारे में जान सकते हैं। प्रदर्शनी के पहले दिन शिमला के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रदर्शनी में सन् 18 सौ 40 से लेकर आज तक के डाक टिकटों के माध्यम से इतिहास की जानकारी हासिल की। हिमाचल प्रदेश डाक सेवा परिमंडल निदेशक बिशन सिंह ने कहा कि फिलेटली प्रदर्शनी में डाक टिकट और स्टांप से संबंधित जानकारी दी गई है। डाक टिकट के माध्यम से भारत का इतिहास और भारत के संबंधों के बारे में जाना जा सकता है।

समीक्षा बैठक

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में लगभग चार सौ करोड़ रूपए विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं। इनमें नाबार्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और अन्य योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मदद से रामपुर विधानसभा क्षेत्र की टिक्कर–खमाड़ी सड़क के लिए 55 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं। इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने बाद में ब्रो बाईपास रोड़ सड़क का औचक निरीक्षण किया और एचआरटीसी वर्कशॉप के स्थानांतरण को लेकर विकल्प तलाशने के निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी शिमला में खुले ट्रॉमा सेंटर में घोटाले का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में बताया है कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने आईजीएमसी के नॉन फंक्शनल ट्रॉमा सेंटर में मैन पॉवर के नाम पर दो करोड़ 30 लाख रूपए का घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि इस ट्रॉमा सेंटर का बीते रोज मुख्यमंत्री ने उदघाटन किया जबकि ट्रॉमा सेंटर के नाम पर सरकार ने अपने चहेते ठेकेदारों के माध्यम से सवा साल पहले ही भर्तियां कर दी थी और बिना काम के भर्ती किए गए लोगों को वेतन दिया गया। उन्होंने कहा कि ये ट्रॉमा सेंटर केंद्र सरकार के माध्यम से चल रहा है और इस पर सारा खर्च केंद्र सरकार कर रही है। ऐसे में सरकार ने केंद्र के इस पैसे का दुरूपोयग किया है। उन्होंने ये भी पूछा की मुख्यमंत्री ने जब पिछले साल 9 मार्च को इस ट्रॉमा सेंटर का उद्घाटन कर दिया था फिर इसे क्रियाशील बनाने में डेढ़ साल क्यों लग गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने डेढ़ साल में इस ट्रॉमा सेंटर में एक भी मरीज भर्ती के बिना करोड़ों रूपए अपने चहेतों को लुटाए हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि भीमाकाली मंदिर सराहन के एक हिस्से में हो रहे झुकाव को लेकर आईआईटी मंडी के माध्यम से स्टडी रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी। विक्रमादित्य सिंह आज रामपुर में भीमाकाली मंदिर न्यास सराहन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से मंदिर का एक हिस्सा लगातार धंस रहा है। ऐसे में नया निर्माण कार्य या मुरम्मत कार्य तभी करवाया जा सकता है जब इसके बारे में विशेषज्ञों की रिपोर्ट होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आईआईटी मंडी से तुरंत पत्राचार कर रिपोर्ट तैयार करवाने के निर्देश दिए। बैठक में मंदिर परिसर व पार्क के सौंदर्यकरण, परिसर में नई लाईटें लगाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने सहित कई अन्य निर्णय लिए गए।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की गई। मां के इस स्वरूप की शक्ति अमोघ व फलदायिनी है और इनकी उपासना से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अपनी धर्मपत्नी व देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर के साथ तारादेवी मंदिर में पूजा–अर्चना और प्रदेश की सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। इधर कुल्लू की उपायुक्त व अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति की उपाध्यक्ष तोरूल एस रवीश ने मुख्यमंत्री से शिमला में मुलाकात कर उन्हें दशहरा उत्सव की तैयारियों से अवगत करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री को दशहरा उत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

मौसम

प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर व लाहौल स्पिति की उंची चोटियों पर बीती रात ताजा हिमपात हुआ। लाहौल स्पिति के कोकसर में इस दौरान लगभग एक सेंटीमीटर बर्फबारी हुई जबकि किन्नौर के कल्पा व सांगला में हल्की वर्षा दर्ज की गई। इस हिमपात से जनजातीय क्षेत्रों में ठण्ड का प्रकोप बढ़ गया है। खासकर सुबह–शाम लोगों को अभी से ही जोरदार ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। केलंग में आज न्यूनतम तापमान एक दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच धूप खिलने से राज्य का औसतन अधिकतम तापमान सामान्य बना हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी 15 अक्तूबर तक प्रदेश में बारिश–बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- पंचतत्व में विलिन हुए उद्योगपति रतन टाटा–पूरे राजकीय सम्मान के साथ मुम्बई में अंतिम संस्कार।
- पूंजीगत व्यय और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को जारी किए एक लाख 78 हजार करोड़ रूपए ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आई.जी.एम.सी शिमला में खुले ट्रॉमा सेंटर में लगाया घोटाले का आरोप ।
- प्रसिद्ध भीमाकाली मंदिर सराहन के धंस रहे हिस्से की मुरम्मत के लिए आई.आई.टी. मंडी का सहयोग लेगी प्रदेश सरकार।